दिनांक 04 मई 2026 को प्रकाशित हिन्दुस्तान के ई-समाचार पत्र के फिरोजाबाद संस्करण के न्यूज़ रैप में प्रकाशित खबर “अधिशासी अभियंता बढ़ाएं मजदूरों की संख्या, दुरुस्त कराएं खोदी सड़कें” के संदर्भ में अवगत कराना है कि समीक्षा बैठक के दौरान नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग संयुक्ता मजूमदार महोदया द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जनपद में संचालित परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने, श्रमिकों की संख्या बढ़ाने तथा पाइपलाइन बिछाने हेतु खोदी गई सड़कों को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में अवगत कराना है की पाइपलाइन बिछाने हेतु खोदी गई सड़कों को कार्य पूर्ण होते ही तत्काल मोटरेबल स्थिति में करा दिया जाता है, जिससे आमजन के आवागमन में न्यूनतम असुविधा हो। तत्पश्चात पाइपलाइन के हाइड्रो टेस्ट एवं क्रियाशील गृह जल संयोजन (FHTC) कार्य पूर्ण होने के उपरांत नियमानुसार स्थायी रोड पुनर्स्थापना कार्य कराया जाता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सड़क पुनर्स्थापना कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण हो। योजना की प्रगति में तीव्रता लाने एवं कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने हेतु विभागीय अधिकारियों द्वारा निरंतर स्थलीय निरीक्षण, सतत मॉनिटरिंग एवं कार्यदायी संस्थाओं को नियमित पत्राचार किया जा रहा है। प्रमुख सचिव महोदया द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में विभिन्न कार्यस्थलों पर मानव संसाधन, तकनीकी स्टाफ एवं मशीनरी बढ़ाने हेतु भी आवश्यक निर्देश निर्गत किए गए हैं। विभाग द्वारा यह सतत प्रयास किया जा रहा है कि उक्त जनहितकारी योजना के समस्त कार्य गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराते हुए आमजन को शीघ्र पेयजल सुविधा का लाभ उपलब्ध कराया जा सके।